सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
2013-2014

बौद्धिक
सम्पदा **भारत**

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प,
व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन

भारत सरकार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग

2013-14 की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

अप्रैल 2013 – मई 2013

- विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस समारोह
- बौद्धिक सम्पदा पुरस्कार
- परीक्षकों के लिए प्रशिक्षण का समापन

जून 2013- जुलाई 2013

- पेटेंट की बहुआयामी जनोपयोगी सेवा का शुभारंभ जो परीक्षण हेतु अनुरोध को दर्शाती है जिसके लिए प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी की जा रही है, पेटेंट आविष्कार के प्रभाव में होने की स्थिति दर्शाती है
- मेड्रिड प्रोटोकॉल के तहत व्यापार चिह्न का अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण

अगस्त2013 सितंबर 2013

- बहुआयामी जनोपयोगी सेवा जो प्रथम परीक्षण रिपोर्ट, लंबित व अनुदानित स्थिति दर्शाती है
- समाप्त हो गए, सीज़ हो चुके पेटेंट की खोज करने के लिए जनोपयोगी सेवा
- परीक्षकों के लिए उच्च प्रशिक्षण का समापन

अक्टूबर -नवंबर 2013

- पीसीटी के तहत अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण व अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षण प्राधिकरण का कार्यारंभ
- व्यापार चिह्न की बहुआयामी जनोपयोगी सेवा जो वास्तविक समय आधार पर परीक्षण का ब्यौरा दर्शाती है
- व्यापार चिह्न के लिए व्यापक ई-फाइलिंग सेवाएँ

दिसंबर 2013- जनवरी 2014

- मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत कार्य के लिए दिशा-निर्देश
- व्यापार चिह्न के क्यू-आर कोडित पत्र-व्यवहार की स्वतः ईमेल

फ़रवरी 2014- मार्च 2014

पेटेंट (संशोधन) नियम 2014- "लघु अस्तित्व" हेतु विशेष रियायतों का आरंभ

सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
2013-14

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प,
व्यापार चिह्न एवं भौगोलिक उपदर्शन

अनुक्रमणिका

		पृष्ठ संख्या
अध्याय-I.	पूर्वावलोकन	3
अध्याय-II	बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति - एक नजर	5
अध्याय-III	जन सेवा प्रदान - दक्षता और पारदर्शिता	13
अध्याय-IV	पेटेंट	18
अध्याय-V	डिजाइन	38
अध्याय-VI	व्यापार चिह्न	44
अध्याय-VII	भौगोलिक उपदर्शन	55
अध्याय-VIII	पेटेंट सूचना पद्धति एवं राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान	63
अध्याय-IX	प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं बर्हि-क्रियाकलाप	68
अध्याय-X	मानव संसाधन	71

अध्याय - I

पूर्वावलोकन

बौद्धिक सम्पदा किसी देश की प्रगति का एक अत्यावश्यक घटक है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार उन सृजनकर्त्ता और आविष्कारकों को अनन्य अधिकार प्रदान करता है जो ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अपने सृजन द्वारा समाज के उन्नयन में योगदान करते हैं। बौद्धिक सम्पदा प्रणाली न केवल समाज के समेकित ज्ञान को समृद्ध करती है बल्कि उनके प्रसार में भी तेजी लाती है।

विगत कुछ दशकों में भारतीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार पारितंत्र में आमूल परिवर्तन आया है। वैश्वीकरण से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत के बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों का आधुनिकीकरण किया गया है जिसके तहत मानव संसाधन और तकनीक अद्यतीकरण के माध्यम से उनकी आधारभूत संरचना का संवर्द्धन शामिल है।

सूचना का प्रसार बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और अपरिहार्य घटक है तथा आज की तकनीक-सक्षम दुनिया लोकप्रशासन के क्षेत्र में उचित पारदर्शिता की अपेक्षा रखती है। इस अपेक्षा के अनुरूप बौद्धिक सम्पदा अधिकार प्रणाली में नवीन परिवर्तन किए गए हैं ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन, भारत सरकार, वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय के तहत औद्योगिक नीति व संवर्द्धन विभाग (डीआईपीपी) का अधीनस्थ कार्यालय है। यह कार्यालय पेटेंट, डिजाइन, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन से संबंधित विधानों का प्रशासन इस प्रभावी तरीके से करता है जिससे देश में एक उचित और संतुलित बौद्धिक सम्पदा पारितंत्र का परिवेश सृजित किया जा सके। नागपुर में स्थित पेटेंट सूचना पद्धति (पीआईएस) तथा राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान (आरजीएनआईआईपीएम) भी कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प, व्यापार चिह्न तथा भौगोलिक उपदर्शन के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन हैं।

बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों के संगठनात्मक चार्ट निम्नवत् हैं:



कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के नियंत्रणाधीन सभी कार्यालयों के प्रतिवेदन वर्ष के दौरान किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण इस प्रतिवेदन के आगे के अध्यायों में दिया गया हैं। कार्यालय महानियंत्रक, एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालयों के राजस्व एवं व्यय के ब्यौरे तथा अन्य संबद्ध सांख्यिकी भी शामिल की गई है। अद्यतन विधान, विभिन्न समारोहों के मुख्यांश और अन्य उपयोगी सूचना हमारी शासकीय वेबसाइट (http://www.ipindia.nic.in) पर उपलब्ध है।

(चैतन्य प्रसाद, भा.प्र.से.)
महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प व व्यापार चिह्न

अध्याय - II

बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति - एक नजर

कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प तथा व्यापार चिह्न (सीजीपीडीटीएम) के अधीन सभी कार्यालयों में विगत वर्ष 2012-13 (2,46,251) की तुलना में प्रतिवदेन वर्ष 2013-14 (2,51,564) के दौरान बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने की दिशा में लगभग 2.16% की वृद्धि देखी गई है। बौद्धिक सम्पदा आवेदन दाखिल करने के संदर्भ में विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

आवेदन	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
पेटेंट	34,287	39,400	43,197	43,674	42,951
डिजाइन	6,092	7,589	8,373	8,337	8,533
व्यापार चिह्न	1,41,943	1,79,317	1,83,588	1,94,216	2,00,005
भौगोलिक उपदर्शन	40	27	148	24	75
कुल	**1,82,362**	**2,26,333**	**2,35,306**	**2,46,251**	**2,51,564**

पृथक बौद्धिक सम्पदा गतिविधियों का विवरण आगे दर्शाया गया है।

क. पेटेंट: 2013-14 के दौरान **42,951** पेटेंट आवेदन दाखिल किए गए। कार्यालय में विगत वर्ष की तुलना में आवेदन दाखिल करने में 1.65% की मामूली गिरावट देखी गई है। दाखिल, परीक्षित, अनुदानित, निरस्त तथा परित्यक्त पेटेंट आवेदनों के संदर्भ में विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है। किसी पेटेंट आवेदन को प्रतिवेदन वर्ष के दौरान परीक्षित हुआ माना गया है यदि इस वर्ष के दौरान कार्यालय ने प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी कर दी है। निपटान में अनुदानित, निरस्त और परित्यक्त आवेदन शामिल है।

पेटेंट आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
दाखिल	34,287	39,400	43,197	43,674	**42,951**
परीक्षित	6,069	11,208	11,031	12,268	**18,615**
अनुदानित	6,168	7,509	4,381	4,126	**4,227**
परीक्षण हेतु अनुरोध का निपटान (अनुदानित+निरस्त+परित्यक्त)	11,339	12,851	8,488	9,027	**11,411**

प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पेटेंट कार्यालय ने **11,411** आवेदनों का निपटान किया जिनमें से **4,227** आवेदन पेटेंट अनुदान हेतु अग्रसर हुए, **6,410** परित्यक्त हुए और **774** आवेदनों को परीक्षण के बाद अस्वीकृत कर दिया गया। परीक्षित पेटेंट आवेदनों की कुल संख्या (प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी) में विगत वर्ष की तुलना में 51.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जिन पेटेंट आवेदनों के लिए परीक्षण हेतु अनुरोध प्राप्त हुए थे उनमें 26.4 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। सभी नव नियुक्त परीक्षक जिन्हें आरजीएनआईआईपीएम, नागपुर में विधिवत् प्रशिक्षित किया गया था उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद अपने-अपने पेटेंट कार्यालयों में कार्य के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही, वर्ष 2013-14 के दौरान ही पेटेंट कार्यालय ने व्यापक कम्प्यूटरीकरण और स्वचालन के माध्यम से आंतरिक प्रसंस्करण प्रणाली का अद्यतीकरण किया है जिससे त्वरित और गुणतापरक परीक्षण और अन्य आउटपुट सुलभ कराया जा सके।

ख. डिजाइन: वर्ष के दौरान **8,533** डिजाइन आवेदन दाखिल किए गए जो विगत वर्ष की तुलना में 2.35% की आंशिक वृद्धि दर्शाते हैं। वर्ष 2013-14 में परीक्षित डिजाइन आवेदन की संख्या बढ़कर 7,281 हो गई जो 2012-13 के दौरान 6,776 थी। वर्ष 2012-13 के दौरान पंजीकृत 7,252 डिजाइन की तुलना में इस वर्ष के दौरान 7,178 डिजाइन पंजीकृत किए गए। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

डिजाइन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
दाखिल	6,092	7,589	8,373	8,337	**8,533**
परीक्षित	6,266	6,277	6,511	6,776	**7,281**
पंजीकृत	6,025	9,206	6,590	7,252	**7,178**
आवेदनों का निपटान	6,045	9,221	6,705	7,300	**7,226**

ग. व्यापार चिह्न: वर्ष **2013-14** में **2,00,005** व्यापार चिह्न आवेदन दाखिल किए गए। विगत वर्ष की तुलना में आवेदन दाखिल करने में लगभग **2.98%** की वृद्धि रही है। वर्ष के दौरान 2,03,086 आवेदन परीक्षित किए गए और 67,876 व्यापार चिह्न पंजीकृत हुए। विगत पाँच वर्षों की प्रवृत्ति निम्नवत् है।

व्यापार चिह्न आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
दाखिल	1,41,943	1,79,317	1,83,588	1,94,216	**2,00,005**
परीक्षित	25,875	2,05,065	1,16,263	2,02,385	**2,03,086**
पंजीकृत	67,490	1,15,472	51,735	44,361	**67,876**
आवेदनों का निपटान	76,310	1,32,507	57,867	69,736	**1,04,756**

घ. भौगोलिक उपदर्शन : 15 सितम्बर, 2003 से 31 मार्च, 2014 तक कुल **479** आवेदन प्राप्त किए गए हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान **75** आवेदन दाखिल किए गए और कुल **22** भौगोलिक उपदर्शन पंजीकृत किए गए। विगत पाँच वर्षों के दौरान दाखिल आवेदनों एवं पंजीकृत भौगोलिक उपदर्शन की प्रवृत्ति निम्नवत् हैं।

भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों की प्रवृत्ति

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
दाखिल	40	27	148	24	**75**
परीक्षित	46	32	37	30	**42**
पंजीकृत	14	29	23	21	**22**

ङ. अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की प्रवृत्ति: विगत 5 वर्षों के दौरान बौद्धिक सम्पदा अधिकार के अनुदान/पंजीकरण की तुलनात्मक प्रवृत्ति निम्नवत् है। कोष्ठक में प्रदत्त संख्या कुल निपटान प्रदर्शित करती है जिसमें अनुदानित, अस्वीकृत और परित्यक्त आवेदन शामिल है।

अनुदानित/पंजीकृत (और निपटाए गए) बौद्धिक सम्पदा अधिकार की तुलनात्मक प्रवृत्ति

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
पेटेंट	6,168 (11,339)	7,509 (12,851)	4,381 (8,488)	4,126 (9,027)	**4,227 (11,410)**
डिजाइन	6,025 (6,045)	9,206 (9,221)	6,590 (6,705)	7,252 (7,300)	**7,178 (7,226)**
व्यापार चिह्न	67,490 (76,310)	1,15,472 (1,32,507)	51,735 (57,867)	44,361 (69,736)	**67,876 (1,04,756)**
भौगोलिक उपदर्शन	14	29	23	21	**22**

2013-14 में दाखिल बौद्धिक सम्पदा आवेदनों की संख्या



2013-14 में अनुदानित/पंजीकृत बौद्धिक सम्पदा अधिकार की संख्या



सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनी का नाम	दाखिल आवेदन
1.	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड	169
2.	सैमसंग आर & डी इन्स्टिट्यूट इंडिया- बंगलोर प्राइवेट लिमिटेड	84
3.	इंफोसिस	83
4.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राइवेट लिमिटेड	66
5.	विप्रो लिमिटेड	59
5.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	59

वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संगठनों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संगठन का नाम	दाखिल आवेदन
1.	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	267
2.	रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन	116
3.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	71
4.	जैवतकनीक विभाग, भारत सरकार	34
5.	ज्यूबिलेंट लाइफ साइंसेज लिमिटेड	29
6.	जी एच आर लैब्स एंड रिसर्च सेंटर	26
7.	हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन	17
7.	सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग	17
8.	भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्	14
9.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	12
10.	सेंटर फॉर एक्सलन्स इन वायरलेस टेक्नोलॉजी	8

संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थान / विश्वविद्यालय का नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	342
2.	अमिटी यूनिवर्सिटी	92
3.	सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, सविता यूनिवर्सिटी	74
4.	भारत यूनिवर्सिटी	37
5.	भारतीय विज्ञान संस्थान	32
6.	जी.एच. रैसोनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग	27
7.	सिद्धगंगा प्रौद्योगिकी संस्थान	24
8.	श्री चित्रा तिरुनल इन्स्टिट्यूट फॉर मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी	20
9.	कलकत्ता विश्वविद्यालय	15
10.	शास्त्र यूनिवर्सिटी	13
10.	राजारामबापू इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी	13

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठन का नाम	आवेदनों की संख्या
1.	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	1062
2.	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एन.भी.	839
3.	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	386
4.	रोर्बट बॉश जीएमबीएच	375
5.	सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि.	371
6.	बेस्फ एसइ	304
7.	सोनी कॉरपोरेशन	263
8.	जेनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी	260
9.	सिमेन्स एकटाइनजेसेलशाफ्ट	249
10.	अल्काटेल ल्यूसेंट	222

शीर्ष 5 भारतीय पेटेंटग्राही

क्र.सं.	संगठन का नाम	अनुदानित पेटेंट
1	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	98
2	समसैंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राइवेट लिमिटेड	84
3	हिन्दुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड	32
4	भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड	22
5	टाटा मोटर्स लिमिटेड	21

शीर्ष 5 विदेशी प्रवासी पेटेंटग्राही

क्र.सं.	आवेदक	अनुदानित पेटेंट
1	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	138
2	जीएम ग्लोबल टैक्नोलॉजी ऑपरेशन्स इंक.	79
3	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	50
4	सिमेन्स एकटाइनजेसेलसाफ्ट	46
4	सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि.	46
4	थॉमसन लाइसेंसिंग एस.ए.	46
5	रिसर्च इन मोशन लिमिटेड	43

च. प्रकाशन एवं अनुदान-पूर्व विरोधः प्रतिवेदन वर्ष के दौरान पेटेंट अधिनियम,1970 की धारा 11क के तहत 31,413 पेटेंट आवेदन प्रकाशित किए गए तथा धारा 25(1) के तहत 309 अनुदान-पूर्व विरोध दाखिल हुए जो प्रकाशित आवेदनों का लगभग 1% है। प्रकाशित तथा अनुदान-पूर्व विरोध के लिए दाखिल आवेदनों का आरेखीय दृश्य निम्नवत् है।



छ. राजस्व और व्यय: कार्यालय महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न के अंतर्गत सभी कार्यालय सदैव राजस्व आधिक्य वाले कार्यालय रहे हैं। वर्ष 2013-14 के दौरान अर्जित कुल राजस्व **रु. 312.24 करोड़** था जो विगत वर्ष की तुलना में लगभग 10.60% अधिक है, जबकि कुल गैर-योजना व्यय **रु. 39.63 करोड़** था जिससे **रु. 272.61 करोड़** का राजस्व आधिक्य प्राप्त हुआ। पेटेंट कार्यालय ने **रु.189.61 करोड़** (पेटेंट **रु.188.27 करोड़** एवं डिजाइन **रु.1.33 करोड़**), व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने **रु.122.50 करोड़**, भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री ने **रु. 0.064 करोड़** तथा पेटेंट सूचना पद्धति और राजीव गाँधी राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन संस्थान ने **रु. 0.0663 करोड़** का कुल राजस्व अर्जित किया। बौद्धिक सम्पदा (आईपी) प्रशासन के राजस्व और व्यय का विवरण निम्नलिखित है।

(i) वर्ष 2012-2013 और 2013-2014 के दौरान उत्पादित राजस्व का तुलनात्मक विवरण

वर्ष	2012-2013 (रु.)	2013-14 (रु.)
पेटेंट	170,47,84,657	188,27,65,864
डिजाइन	1,29,32,740	1,33,73,044
व्यापार चिह्न	110,45,00,000	122,50,00,000
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री	8,77,750	6,49,990
पीआईएस/आरजीएनआईआईपीएम	1,45,712	6,63,484
कुल	282,32,40,859	312,24,52,382

राजस्व (रु.में)



(ii) वर्ष 2012-2013 और 2013-2014 के लिए गैर-योजना व्यय की तुलना

वर्ष	2012-13 (रु.)	2013-14 (रु.)
पेटेंट (डिजाइन सहित)	25,33,12,134	26,82,76,788
व्यापार चिह्न	8,92,33,145	10,29,23,567
भौगोलिक उपदर्शन रजिस्ट्री	52,39,902	77,18,569
पीआईएस/आआरजीएनआईआईपी एम	1,91,35,616	1,74,69,862
कुल	36,69,20,797	39,63,98,077

गैर-योजना व्यय (रु. में)



अध्याय - III

जन सेवा प्रदान - दक्षता और पारदर्शिता

बौद्धिक सम्पदा अधिकार और समाज पर उसके प्रभाव के प्रति लोगों में बढ़ती अभिज्ञता के परिणामस्वरूप भारत में बौद्धिक सम्पदा अधिकार के परिदृश्य में त्वरित परिवर्तन आया है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार विषयक ज्ञान का प्रभावी उपयोग उस बौद्धिक चक्र के सृजन का एक प्रमुख अवयव है जिसमें बौद्धिक सम्पदा सृजित, संरक्षित और प्रयुक्त होती है। बौद्धिक सम्पदा अधिकार संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए आम जन की बढ़ती माँग के अनुरूप, बौद्धिक सम्पदा कार्यालय ने ऐसी जानकारी को आम जन तक प्रसारित करने के लिए कई पहल की हैं जिससे उसकी कार्यप्रणाली की दक्षता और पारदर्शिता में वृद्धि हो सके। सूचना प्रौद्योगिकी के सतत विकास के साथ बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की कार्य प्रणाली तथा जन सेवा प्रणाली, सूचना प्रौद्योगिकी-समर्थ परिवेश के प्रयोग से संवर्धित हुई हैं। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान, मौजूदा कम्प्यूटर आधारित कार्य-व्यवस्था को और उन्नत बनाने की दिशा में कार्य हुआ ताकि बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों से तथ्य प्राप्त करना सुलभ हो सके। साथ-ही-साथ बौद्धिक सम्पदा कार्यालयों की आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी का अद्यतीकरण और आधार-तथ्यों का संवर्धन भी किया गया है जिसके फलस्वरूप बौद्धिक सम्पदा कार्यालय सेवाओं को त्वरित और बेहतर रूप में उपलब्ध कराने में सक्षम हुए हैं।

सूचना का अधिकार

सूचना अधिकार अधिनियम, 2005 के नीति उद्देश्यों के क्रियान्वयन के प्रति बौद्धिक सम्पदा कार्यालय पूर्णतया प्रतिबद्ध है और अधिनियम के विधायी अभिप्राय तथा अधिदेश के अनुरूप लोगों को सूचना उपलब्ध कराने के लिए स्वयं सक्रिय है ताकि इन कार्यालयों के क्रियाकलापों में उच्चतम पारदर्शिता प्राप्त की जा सके।

पेटेंट

पेटेंट प्रणाली बौद्धिक सम्पदा सृजन को उत्प्रेरित करते हुए औद्योगिक विकास में ठहराव को रोकने में एक प्रमुख भूमिका निभाती है। यह आविष्कारकों और उद्योगपतियों को साथ मिलकर आगे बढ़ने और उनके उत्पादों, मशीनों और प्रक्रियाओं में सुधार लाने के लिए उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देती है। फलतः प्रौद्योगिकी का उन्नयन और ज्ञान के परिक्षेत्र का उत्तरोत्तर संवर्धन होता है जो पेटेंट प्रणाली का मूल सिद्धांत है।

पेटेंट आवेदनों के परीक्षण और अनुवर्ती प्रक्रियाओं के लिए पेटेंट कार्यालय को उच्च प्रशिक्षित अधिशासियों की आवश्यकता होती है। पेटेंट प्रणाली के आधार स्तंभ उसके पेटेंट परीक्षक हैं, जिन्हें, पेटेंट अधिनियम के अधिदेश द्वारा, पेटेंट विनिर्देश में वर्णित आविष्कार का उसकी नवीनता, मौलिकता, औद्योगिक प्रयोजनीयता और अन्य पेटेंट योग्य अपेक्षाओं के संदर्भ में परीक्षण करने का दायित्व प्राप्त है।

विगत दो वर्षों में पेटेंट आवेदनों की बढ़ती संख्या के निष्पादन के लिए पेटेंट कार्यालय ने 164 अतिरिक्त परीक्षक नियुक्त किए हैं। इन नव नियुक्त परीक्षकों को कार्य आवंटित करने से पहले संस्थागत और कार्यरत प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से उपयुक्त अनुस्थापन प्रदान किया गया।

पेटेंट कार्यालय में नियंत्रक, एकस्व और अभिकल्प, सीजीपीडीटीएम द्वारा प्रत्यायोजित शक्ति के साथ कार्य करते हैं और अर्द्धन्यायिक गतिविधि संपादित करते हैं। इन नियंत्रकों के लिए न्यायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन नियमित अंतराल पर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, दिल्ली के साथ मिलकर किया जाता है। ऐसे एक कार्यक्रम का संचालन अक्तूबर, 2013 में किया गया। जिला न्यायालयों और दिल्ली उच्च न्यायालय के पदस्थ और सेवा निवृत्त न्यायाधीशों के साथ-साथ विधान से जुड़ी विख्यात हस्तियों ने

प्रशिक्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधान के अन्य पहलूओं के साथ-साथ, नैसर्गिक न्याय के पक्ष, प्रशासनिक विधान, सांविधानिक विधान और विधायी विश्लेषण शामिल थे।

सभी कार्यालयों में एकरूपता बनाए रखने और परीक्षण प्रक्रियाओं में पारदर्शिता प्राप्त करने के उद्देश्य से पेटेंट कार्यालय ने वर्ष 2013-14 में कम्प्यूटर संबंधी आविष्कारों तथा औषधि के क्षेत्र में पेटेंट आवेदन के परीक्षण से संबंधित दो प्रारूप दिशानिर्देश हितधारकों की टिप्पणी के लिए वेबसाइट पर प्रकाशित किए जिससे उन्हें अंतिम रूप दिया जा सके।

पेटेंट कार्यालय ने 15 अक्तूबर 2013 से पीसीटी के तहत अंतर्राष्ट्रीय अन्वेषण प्राधिकारी (आईएसए) तथा अंतर्राष्ट्रीय प्रारंभिक परीक्षण प्राधिकारी (आईपीईए) के रूप में कार्य करना प्रारंभ कर दिया। पेटेंट (संशोधन) नियम, 2013 भी 15 अक्तूबर 2013 से प्रभावी हो गया जिससे पेटेंट कार्यालय के लिए आईएसए/आईपीईए की गतिविधि संचालित करना सुलभ हुआ। आईएसए/आईपीईए द्वारा प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों पर कार्यवाही की जाती है और कार्यालय द्वारा विकसित विशिष्ट सॉफ्टवेयर के माध्यम से सभी रिपोर्ट पूर्णतया इलेक्ट्रॉनिक रूप में जारी होती हैं। 15 अक्तूबर, 2013 से 31 मार्च 2014 की अवधि के दौरान भारतीय पेटेंट कार्यालय ने पीसीटी के तहत 18 अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों के संदर्भ में अंतर्राष्ट्रीय अन्वेषण रिपोर्ट और लिखित अभिमत स्थापित किये।

बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की एक बहुआयामी वेबसाइट है जिसमें पेटेंट, डिजाइन, व्यापार चिह्न और भौगोलिक उपदर्शन का आवेदन दाखिल करने और उस पर कार्यवाही करने संबंधी विवरण प्रदान किया जाता है जिस पर वास्तविक समय आधार पर अद्यतन जानकारी लॉगइन-मुक्त खोज पोर्टल में उपलब्ध कराई जाती है ताकि सभी हितधारकों के बीच बौद्धिक सम्पदा सूचना का प्रसार सहज हो सके और बौद्धिक सम्पदा कार्यालय की कार्य-पद्धति में उच्च स्तर की पारदर्शिता प्राप्त की जा सके।

आईपीओ वेबसाइट एक सशक्त पेटेंट खोज पोर्टल है जिस पर पेटेंट कार्यवाही विवरण, पेटेंट सूचना, मैनुअल और दिशा-निर्देश और पेटेंट विषयक अन्य सूचना बहुतायत में उपलब्ध हैं जहाँ नित्य नवीन जानकारी का समावेश किया जाता है जिससे जन सेवा प्रदान करने की एक सक्षम व्यवस्था, पारदर्शिता प्राप्त हो और उपयोक्ताओं के लिए बौद्धिक सम्पदा सूचना का प्रसार हो सके। यह खोज पोर्टल पेटेंट के लिए निःशुल्क ऑनलाइन जन-खोज सुविधाएँ प्रदान करता है। साप्ताहिक पेटेंट कार्यालय जर्नल का प्रकाशन प्रत्येक शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक रूप में खोज कर सकने योग्य फॉर्मेट में किया जाता है।

ई-फाइलिंग मोड्यूल को सभी 28 फॉर्म ऑनलाइन दाखिल करने और पेटेंट नियम, 2003 की प्रथम अनुसूची की प्रविष्टियाँ करने के लिए पूर्णतया सक्षम बनाया गया है।

आम लोगों तक सूचना पहुँचाने के अपने प्रयास के अंतर्गत वर्ष 2013-14 के दौरान पेटेंट कार्यालय ने कई बहुआयामी जनोपयोगी सेवाओं की शुरूआत की जो वास्तविक समय आधार पर कार्यालय में पेटेंट आवेदनों की स्थिति संबंधी महत्वपूर्ण और उपयोगी सूचना आम जन तक पहुँचाता है। इन बहुआयामी जनोपयोगी सेवाओं की कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएँ निम्नवत् हैं:

- किसी पेटेंट के प्रभाव में होने या समाप्त होने की स्थिति ज्ञात करने के लिए पेटेंट संख्या या अविष्कार के शीर्षक का उपयोग करते हुए पेटेंट योग्य खोज की स्थिति पर बहुआयामी जनोपयोगी सेवा।
- पेटेंट कार्यालय द्वारा निष्पादन पेटेंट आवेदनों (अनुदानित, अस्वीकृत और परित्यक्त आवेदनों) के माह/दिनांक अनुसार निष्पादन के विवरण देता है।
- परीक्षण हेतु अनुरोध की स्थिति एक बहुआयामी जनसेवा है जो सक्रिय रूप से परीक्षण हेतु अनुरोध (फॉर्म 18) का मास और वर्ष परीक्षित और प्रत्येक परीक्षण समूह में जारी **एफईआर** प्रदर्शित करता है। यह जनोपयोगी सेवा आवेदकों को उनकी शिकायत दर्ज करने के अवसर भी देती है यदि उनका अनुरोध उस महीने से पहले किया गया था जिसके लिए परीक्षण संचालित किया जा रहा है।
- बहुआयामी **एफईआर** देखें से जारी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट देखी जा सकती है।

- आविष्कार के विभिन्न क्षेत्रों के लिए पेटेंट आवेदनों की बहुआयामी स्थिति एक अन्य उपयोगी सेवा है जिससे परीक्षण किए जा रहे आवेदन, अस्वीकृत, अनुदानित, परित्यक्त, धारा 21 के तहत वापस लिये गये या 15 महीने के बाद वापस लिये गये आवेदन देखे जा सकते हैं।
- कार्यालय में दाखिल जारी पेटेंट संबंधी सूचना (धारा 146 के तहत) भी प्रकाशित होती है जिसमें पेटेंट संख्या/आवेदन संख्या/पेटेंटधारी का नाम का प्रयोग कर खोजने की सुविधा है।

जनसेवा प्रदान प्रणाली में उत्तरोत्तर पारदर्शिता बढ़ाने और हितधारकों को पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी दस्तावेज की विश्वसनीयता स्थापित करने के उद्देश्य से पेटेंटधारी को दिए जाने वाले आवेदन दाखिल करने की रसीद, पेटेंट प्रमाणपत्र और नवीकरण शुल्क प्रमाणपत्र पर **क्यू आर** कोड जारी करने की प्रणाली प्रारंभ की गई है।

डिजाइन

डिजाइन अधिनियम, 2000 और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के तहत पेटेंट कार्यालय, कोलकाता का डिजाइन स्कंध डिजाइन के पंजीकरण हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण और अन्य कार्यवाहियाँ संपादित करता है। हालाँकि प्रारंभिक आवेदन दाखिल करने और रसीद जारी करने की सुविधा सभी शाखा कार्यालयों पर उपलब्ध है। 2013-14 के दौरान पुराने पंजीकृत डिजाइन, जिन्हें 1911 के निरस्त अधिनियम के तहत वर्गीकृत किया गया था, उन्हें डिजाइन अधिनियम, 2000 और उसके अंतर्गत निर्मित नियमों के तहत पुनः वर्गीकृत किया गया। 1989 के बाद के सभी अभिलेखों को डिजाइन नियम, 2000 की तृतीय अनुसूची के अनुसार पुनः वर्गीकृत किया गया और इन तथ्यों को सार्वजनिक खोज के लिए उपलब्ध कराने के प्रयास प्रारंभ किए गए हैं।

व्यापार चिह्न

व्यापार चिह्न अधिनियम, 1940 के तहत स्थापित व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, व्यापार और पण्य चिह्न अधिनियम, 1958 और उसके बाद व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 के तहत जारी है । यह मुख्यतः व्यापार चिह्न के पंजीकरण और उसकी बेहतर संरक्षा और व्यापार चिह्न के रजिस्टर के रखरखाव से संबंधित है। व्यापार चिह्न अधिनियम की धारा 3 के तहत नियुक्त महानियंत्रक एकस्व, अभिकल्प एवं व्यापार चिह्न, रजिस्ट्रार, व्यापार चिह्न के रूप में कार्य करता है। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री के अधिकारी व्यापार चिह्न अधिनियम के तहत, रजिस्ट्रार, व्यापार चिह्न के पर्यवेक्षण और निदेशों के अंतर्गत अपने दायित्व का निर्वहन करते हैं। व्यापार चिह्न अधिनियम, 1999 की धारा 2(1)(ze) के अनुसार पंजीकार, व्यापार चिह्न के साथ-साथ उनके पर्यवेक्षण और निदेशों के अंतर्गत कार्य करने वाले अधिकारी एक अधिकरण की तरह कार्य करते हैं।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की गतिविधियों को उसके विद्यमान अधिशासियों एवं कर्मचारियों के महत्तम उपयोग के लिए पुनर्गठित किया गया है। व्यापार चिह्न के सभी फार्म ऑनलाइन दाखिल करने की सुविधा प्रदान की गयी है। व्यापार चिह्न आवेदनों के साथ पंजीकृत व्यापार चिह्न के विवरण आम जनता के लिए उपलब्ध है जिससे पारदर्शिता आती है।

व्यापार चिह्न आवेदनों का परीक्षण केन्द्रीकृत रूप में जारी रहा और व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, आईपीओ, मुम्बई से संचालित किया गया। परीक्षण हेतु आवेदनों का वितरण उनकी वरीयता के अनुसार व्यापार चिह्न प्रणाली सॉफ्टवेयर द्वारा स्वयमेव किया जाता है और परीक्षण रिपोर्ट किसी भी पर्यवेक्षक परीक्षक के अनुमोदनार्थ सॉफ्टेवयर द्वारा स्वयमेव अग्रसारित की जाती है। इस प्रकार परीक्षण हेतु किसी केस के चयन या परीक्षण रिपोर्ट के अनुमोदन में कोई मानवीय हस्तक्षेप नहीं रहा।

पूर्व में व्यापार चिह्न आवेदनों पर व्यापार चिह्न प्रणाली के पुराने संस्करण के तहत मानवीय कार्रवाई की जाती थी। 'पीएआरएम बैकलॉग' के नाम से एक विशेष अभियान चलाया गया जिससे व्यापार चिह्न के सभी आवेदनों को प्रक्रिया की नई प्रणाली के तहत लाया जा सके और मानवीय प्रक्रिया को

हटाते हुए किसी आवेदन का विधि अनुसार उचित निष्पादन किया जा सके। एक अन्य विशेष अभियान पंजीकृत व्यापार चिह्न में उत्तर-पंजीकरण परिवर्तन दर्ज करने हेतु अनुरोध के निष्पादन के लिए चलाया गया।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री में पूर्ण पादर्शिता प्राप्त करने के उद्देश्य से लंबित व्यापार चिह्न आवेदन एवं पंजीकृत व्यापार चिह्न, उनके साथ दाखिल सभी दस्तावेज की प्रति सहित, कार्यवाही इतिहास, परीक्षण रिपोर्ट आदि के पूर्ण विवरण शासकीय वेबसाइट www.ipindia.nic.in के माध्यम से वास्तविक समय आधार पर आम जनता के लिए नि:शुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। व्यापार चिह्न प्रणाली को अधिक प्रभावी और उपयोक्ता सुलभ बनाया गया है। व्यापार चिह्न रजिस्ट्री जर्नल प्रत्येक सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक रूप में वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाता है।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री, मुम्बई से केन्द्रीकृत रूप में व्यापार चिह्न पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली विकसित और कार्यकारी की गई है जिसमें उपयुक्त मामलों में प्रमाणपत्रों का मुद्रण और प्रेषण शामिल है।

8 अप्रैल, 2013 को भारत सरकार, व्यापार चिह्न के अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरण और संरक्षा हेतु मैड्रिड प्रोटोकॉल से सहमत हुई। मैड्रिड प्रोटोकॉल के प्रावधान 8 जुलाई, 2013 से प्रभावी हुए।

मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत व्यापार चिह्न रजिस्ट्री की गतिविधियों के लिए 'व्यापार चिह्न अंतर्राष्ट्रीय आवेदन प्रणाली' नामक एक अनुप्रयोग सॉफ्टवेयर विकसित किया गया।

व्यापार चिह्न रजिस्ट्री ने 'उद्गम कार्यालय' के रूप में *व्यापार चिह्न के लिए विस्तृत ई-फाइलिंग सेवा* के माध्यम से भारतीय उद्यमियों या उनके प्राधिकृत अभिकर्त्ताओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय आवेदन ऑनलाइन प्राप्त करना शुरू किया। 'निर्धारित करारबद्ध पक्ष के कार्यालय' के रूप में मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत कार्यालय ने भारत को निर्दिष्ट करने वाले अंतर्राष्ट्रीय पंजीकरणों के संदर्भ में वायपो के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो से अधिसूचनाएँ प्राप्त करनी प्रारंभ की।

मैड्रिड प्रोटोकॉल के तहत आवेदन/दस्तावेज और सभी पत्राचार केवल *विस्तृत ई-फाइलिंग सेवा* गेटवे के माध्यम से प्राप्त होते हैं । वायपो के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो के साथ-साथ आवेदक/स्वत्वधारी/व्यापार चिह्न अभिकर्त्ताओं से प्राप्त/को प्रदत्त सभी पत्राचार केवल इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से ही किया जाता है।

व्यापार चिह्न के लिए बहुआयामी जनोपयोगी सेवाएँ वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई हैं जो निम्नवत् है:

- एक बहुआयामी व्यापार चिह्न जनोपयोगी सेवा जो वास्तविक समय आधार पर व्यापार चिह्न आवेदनों के परीक्षण, कारण बताओ सुनवाई, व्यापार चिह्न जर्नल में प्रकाशन, व्यापार चिह्न का पंजीकरण और परित्याग, अस्वीकृति आदि के माध्यम से आवेदनों के अन्य निष्पादन के विवरणों के साथ-साथ मासिक अथवा दिनांक अनुसार जारी अन्य सूचनाएं आम जनता के लिए उपलब्ध कराती है।
- टीएमआर में सुनवाई और स्थगन के विवरण वेबसाइट पर प्रदान किए जाते हैं।
- व्यापार चिह्न आवेदनों की डाटा एंट्री में लिपिकीय त्रुटियों के ऑनलाइन परिमार्जन हेतु एक व्यवस्था आम जनता को उपलब्ध कराई गई है जहाँ किसी व्यापार चिह्न आवेदन के आवेदक अथवा उस आवेदक का प्राधिकृत अभिकर्त्ता उस आवेदन की डाटा एंट्री में भूल सुधार के लिए अनुरोध कर सकता है, सहायक दस्तावेज अपलोड कर सकता है और अपने आवेदन की स्थिति की निगरानी कर सकता है।

- व्यापार चिह्न के लिए **स्टॉक और फ्लो आधारित बहुआयामी** जनोपयोगी सेवा उपलब्ध कराई गई है ताकि आवेदकों/हितधारकों के लिए **वास्तविक समय आधार पर** विभिन्न स्टॉक के अंतर्गत व्यापार चिह्न और विभिन्न चरणों में आवेदनों के हस्तांतरण की प्रक्रिया पर नजर रखना संभव हो सके।

भौगोलिक उपदर्शन

रजिस्ट्री ने 15 सितम्बर, 2003 से भौगोलिक उपदर्शन आवेदन प्राप्त करना प्रारंभ किया। 31 मार्च, 2014 तक रजिस्ट्री ने कुल 479 भौगोलिक उपदर्शन आवेदन प्राप्त किए जिनमें से 215 पंजीकृत किए गए। रजिस्ट्री ने 2009 के बाद से प्राधिकृत उपयोक्ता के पंजीकरण के लिए आवेदन प्राप्त करना भी शुरू किया। वर्ष 2013-14 के दौरान, जागरूकता कार्यक्रम संचालित कर प्राधिकृत उपयोक्ता आवेदनों को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रयास किए गए और परिणामस्वरूप, प्रतिवेदन वर्ष के दौरान प्राधिकृत उपयोक्ता पंजीकरण हेतु 475 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही, प्रतिवेदन वर्ष के दौरान 141 प्राधिकृत उपयोक्ता पंजीकृत किए गए। भौगोलिक उपदर्शन आवेदनों के सार्वजनिक रूप में ऑन लाइन देखे जाने की शुरूआत की गई है।

अध्याय - IV

पेटेंट

1. परिचय:

यह अध्याय पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 155 के तहत पेटेंट कार्यालयों द्वारा वर्ष 2013-14 के दौरान निष्पादित गतिविधियों के संबंध में 42वाँ प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है। पेटेंट कार्यालय भौगोलिक रूप से विभाजित है तथा चार महानगरों कोलकाता, चेन्नई, मुम्बई तथा दिल्ली में स्थित है, यद्यपि कोलकाता कार्यालय प्रधान कार्यालय है। पेटेंट कार्यालय देश में हुए आविष्कारों पर इनके आवेदकों को सीमित एकाधिकार अनुदानित करके इन आविष्कारों की संरक्षा से संबंधित विधान का प्रशासन करता है। पेटेंट अधिनियम, 1970 पेटेंट अनुदान को प्रशासित करता है। निम्न प्रदत्त पैराग्राफ पेटेंट विधान के तहत यथा प्रशासित पेटेंट कार्यालय की प्रमुख गतिविधियों की रूप-रेखा प्रस्तुत करता है।

2. पेटेंट आवेदन:

वर्ष **2013-2014** में पेटेंट अनुदान के लिए दाखिल आवेदनों की संख्या **42,951** थी जबकि वर्ष **2012-13** में यह संख्या **43,674** थी जो लगभग **1.65%** की आंशिक कमी दर्शाती है। यांत्रिकी, विद्युत, टेक्सटाइल, सिविल और कृषि अभियंत्रणा के क्षेत्रों में आवेदनों की प्रवृत्ति में उर्ध्वगामी विकास देखा गया जबकि रसायन, औषधि और सामान्य अभियांत्रिकी के क्षेत्र में अवनति की प्रवृत्ति पाई गई है। आवेदनों की प्रवृत्ति के विस्तृत आँकड़े, विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित, **परिशिष्ट-ङ** में देखे जा सकते हैं।

(क) भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

कुल 42,951 आवेदनों में से भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या **10,941** रही जो विगत वर्ष से लगभग 10.4% अधिक है, जबकि ऐसे आवेदनों की संख्या **9,911** थी। हालाँकि, वर्ष के दौरान विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या **(32,010)** 2012-13 के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या **(33,763)** की तुलना में 5.2% कम रही। भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या प्रतिवेदन वर्ष के दौरान दाखिल आवेदनों की कुल संख्या का **25.47%** रही जबकि वर्ष 2012-13 के दौरान यह संख्या 22.69% थी। यह घरेलू आवेदनों में एक बढ़ती हुई प्रवृत्ति दर्शाता है।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदनों की कुल संख्या में से, पूर्व की तरह इस वर्ष भी महाराष्ट्र आवेदन दाखिल करने में अग्रणी बना रहा और 2,892 आवेदन दाखिल किए जिसके बाद कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, उत्तर प्रदेश आदि का स्थान रहा। आवेदन दाखिल करने वाले शीर्ष राज्य/संघ शासित क्षेत्र हैं (आवेदनों की संख्या कोष्ठक में प्रदर्शित की गई है) महाराष्ट्र (2,892), कर्नाटक (1,639), तमिलनाडु (1,436), दिल्ली (1,009), आन्ध्र प्रदेश (879), पश्चिम बंगाल (562), गुजरात (529), उत्तर प्रदेश (473), केरल (315), हरियाणा (286), झारखंड (130), राजस्थान (104), मध्य प्रदेश (94), पंजाब (89), उडीसा (40), उत्तरांचल (38), असम (37), बिहार (35), चंडीगढ़ (34) और छत्तीसगढ़ (31)। राज्य/संघ शासित क्षेत्र के अनुसार विवरण **परिशिष्ट ख** में प्रदर्शित किया गया है।

भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन (राज्यानुसार)



(ख) सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 5 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	कंपनी का नाम	दाखिल आवेदन
1.	टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड	169
2.	सैमसंग आर & डी इन्स्टिट्यूट इंडिया- बंगलोर प्राइवेट लिमिटेड	84
3.	इंफोसिस	83
4.	सैमसंग इंडिया सॉफ्टवेयर ऑपरेशन्स प्राइवेट लिमिटेड	66
5.	विप्रो लिमिटेड	59
5.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	59

सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रतिवेदन वर्ष में टीसीएस शीर्ष स्थान पर बना रहा जबकि सैमसंग आर & डी इन्स्टिट्यूट इंडिया- बंगलोर प्राइवेट लिमिटेड द्वितीय स्थान पर रहा ।

(ग) वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थानों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	वैज्ञानिक तथा अनुसंधान व विकास संस्थान का नाम	दाखिल आवेदन
1.	वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्	267
2.	रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन	116
3.	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्	71
4.	जैवतकनीक विभाग, भारत सरकार	34
5.	ज्यूबिलेंट लाइफ साइंसेज लिमिटेड	29
6.	जी एच आर लैब्स एंड रिसर्च सेंटर	26
7.	हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन	17

7.	सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कम्प्यूटिंग	17
8.	भारतीय चिकित्सा अनुसंनधान परिषद्	14
9.	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन	12
10.	सेंटर फॉर एक्सलन्स इन वायरलेस टेक्नोलॉजी	8

इस श्रेणी में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् आवेदनों की संख्या में 32.17% की वृद्धि के साथ शीर्ष स्थान पर बना रहा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वितीय स्थान पर बना रहा यद्यपि विगत वर्ष की तुलना में 59% की भारी वृद्धि हुई है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् भी आंशिक वृद्धि के साथ तृतीय स्थान पर बना रहा।

(घ) संस्थानों और विश्वविद्यालयों से पेटेंट के लिए आवेदन करने वाले शीर्ष 10 भारतीय आवेदक

क्र.सं.	संस्थानों और विश्वविद्यालय का नाम	दाखिल आवेदन
1.	भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (समेकित)	342
2.	अमिटी यूनिवर्सिटी	92
3.	सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, सविता यूनिवर्सिटी	74
4.	भारत यूनिवर्सिटी	37
5.	भारतीय विज्ञान संस्थान	32
6.	जी.एच. रैसोनी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग	27
7.	सिद्धगंगा प्रौद्योगिकी संस्थान	24
8.	श्री चित्रा तिरुनल इन्स्टिट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी	20
9.	कलकत्ता विश्वविद्यालय	15
10.	शास्त्र यूनिवर्सिटी	13
10.	राजारामबापू इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी	13

इस वर्ष भी सभी भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रथम स्थान पर बने रहे। विगत वर्ष की तुलना में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा दाखिल आवेदनों की संख्या में लगभग 69% की वृद्धि दर्ज की गई। अमिटी यूनिवर्सिटी 92 आवेदनों के साथ द्वितीय स्थान पर बनी रही। सविता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, (सविता यूनिवर्सिटी) और भारत यूनिवर्सिटी संस्थान और विश्वविद्यालयों की तालिका में नए नाम रहे जिन्होंने श्रेणी में क्रमशः तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। भारतीय विज्ञान संस्थान विगत वर्ष की तुलना में प्रतिवेदन वर्ष के दौरान आवेदनों में आंशिक वृद्धि के साथ भी पंचम स्थान पर चला गया।

(ङ) विदेशी आवेदकों द्वारा दाखिल आवेदन

i. कन्वेंशन आवेदन:

वर्ष के दौरान पेरिस कन्वेंशन के तहत प्रायिकता दावा करते हुए दाखिल आवेदनों की कुल संख्या 3,704 थी। यह विगत वर्ष की 4,184 की तुलना में कन्वेंशन आवेदनों की संख्या में 11.47% की गिरावट दर्शाती है।

ii. पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज आवेदन:

विदेश से प्राप्त आवेदनों में से अधिकांश पेटेंट सहयोग संधि (पीसीटी) राष्ट्रीय फेज माध्यम से दाखिल किए गए। प्रतिवेदन वर्ष के दौरान दाखिल ऐसे आवेदनों की संख्या **27,078** रही जो विगत वर्ष **(28,435)** की तुलना में 4.8% की गिरावट दर्शाती है। आवेदन दाखिल करने वाले शीर्ष देश थे: संयुक्त राज्य अमेरिका (8,534), जापान (4,517), जर्मनी (3,065), स्विट्जरलैंड (1,411), नीदरलैंड (1,347), फ्रांस (1,295), यूनाइटेड किंगडम (966), स्वीडन (859), चीन गणतंत्र (711), कोरिया गणतंत्र (585), इटली (541), कनाडा (368), डेनमार्क (335), आस्ट्रेलिया (304), इजराइल (275), बेल्जियम (263), आस्ट्रिया (256), फिनलैंड (240), स्पेन (150) तथा नार्वे (91)। देशानुसार विवरण **परिशिष्ट ख** में प्रदर्शित किया गया है।

पी.सी.टी राष्ट्रीय फेज हेतु शीर्ष दस आवेदक (देशानुसार)



दाखिल राष्ट्रीय फेज आवेदनों की प्रवृत्ति



विगत कुछ वर्षों की कन्वेंशन आवेदनों की प्रवृत्ति



iii **शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदक**

निम्नलिखित तालिका उन शीर्ष 10 विदेशी प्रवासी आवेदकों की सूची प्रदान करती है जिन्होंने 2013-14 के दौरान पेटेंट आवेदन दाखिल किए हैं। यह पाया गया है कि क्वालकम इंकॉरपोरेटेड इस सूची में अग्रणी बना रहा जिसके बाद कोनिनक्लीके फिलिप्स एन.भी., टेलीफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन तथा रोर्बट बॉश जीएमबीएच इत्यादि का स्थान रहा।

शीर्ष 10 विदेशी आवेदक

क्र.सं.	संगठन का नाम	आवेदनों की संख्या
1.	क्वालकम इंकॉरपोरेटेड	1062
2.	कोनिनक्लीके फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स एन.भी.	839
3.	टेलेफोनाक्टिबोलागेट एलएम एरिक्सन (पीयूबीएल)	386
4.	रोर्बट बॉश जीएमबीएच	375
5.	सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स क. लि.	371
6.	बेस्फ एसइ	304
7.	सोनी कॉरपोरेशन	263
8.	जेनरल इलेक्ट्रिक कम्पनी	260
9.	सिमेन्स एकटाइनजेसेलसाफ्ट	249
10.	अल्काटेल ल्यूसेंट	222

वर्ष 2013-14 के दौरान विभिन्न माध्यमों से प्राप्त एवं उद्गम देश तथा राज्य के अनुसार वर्गीकृत पेटेंट आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ख"** में दर्शाया गया है।

2004-2005 से 2013-2014 तक की अवधि के दौरान विभिन्न माध्यमों से भारतीय प्रवासियों एवं अप्रवासियों से प्राप्त पेटेंट आवेदनों की संख्या **परिशिष्ट "ग"** में दर्शायी गई है।

2009-10 से 2013-14 की अवधि के दौरान रसायन, वैद्युतिक, यांत्रिकी, जैवतकनीक, खाद्य, कम्प्यूटर/इलेक्ट्रॉनिक्स इत्यादि के विषयवार दाखिल आवेदनों का विवरण **परिशिष्ट "ङ" तथा "ङ1"** में प्रदत्त सारणी द्वारा दिखाया गया है।

3. परीक्षित आवेदनों की कुल संख्या

वर्ष के दौरान कार्यालय ने विगत वर्ष के 12,268 आवेदनों की तुलना में 18,615 आवेदनों का परीक्षण किया। विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष उन पेटेंट आवेदनों की संख्या में लगभग 52% की वृद्धि रही जिनके लिए प्रथम परीक्षण रिपोर्ट जारी किए गए थे।

4. परीक्षण हेतु अनुरोध का कुल निपटान (आरक्यू)

विगत वर्ष के 9,027 की तुलना में वर्ष के दौरान 11,411 परीक्षण हेतु अनुरोध (आरक्यू) का पूर्ण निपटान किया गया। परीक्षण हेतु अनुरोध के निपटान में विगत वर्ष की तुलना में 26% की वृद्धि देखी गई है।

5. अनुदानित तथा प्रवृत्त पेटेंट

वर्ष के दौरान अनुदानित पेटेंट की कुल संख्या **4,227** थी, जिनमें से **634** भारतीय आवेदकों को अनुदानित किए गए। 31 मार्च 2014 तक प्रवृत्त पेटेंट की संख्या **42,632** थी जिनमें से **7,464** पेटेंट भारतीयों के नाम थे। कुल अनुदानित पेटेंट में से **1,111** पेटेंट रसायन और संबंधित क्षेत्रों, **690** कम्प्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक्स, **645** यांत्रिकी, **256** भेषज या औषधि, **237** वैद्युतिक, **220** जैवतकनीक और **51** खाद्य से संबंधित आवेदनों के लिए अनुदानित किए गए।

वर्ष 2003-2004 से वर्ष 2013-14 की अवधि के दौरान दाखिल आवेदनों की संख्या, परीक्षण हेतु प्राप्त अनुरोधों की संख्या, परित्यक्त हुआ सा मान लिए गए आवेदन तथा पेटेंट अनुदान प्राप्त करने वाले आवेदन एवं प्रवृत्त पेटेंट की संख्या **परिशिष्ट- "घ"** में प्रदर्शित की गई है।

वर्ष 2009-2010 से 2013-14 के विगत पाँच वर्षों के दौरान अन्वेषण के विभिन्न क्षेत्रों के तहत अनुदानित पेटेंट की संख्या **परिशिष्ट- "च"** व **"च1"** में प्रदर्शित की गई है।

6. भारतीय आवेदकों द्वारा दाखिल पी.सी.टी अन्तर्राष्ट्रीय आवेदन

विगत पाँच वर्षों के दौरान प्राप्तकर्ता कार्यालय के रूप में भारतीय पेटेंट कार्यालय में भारतीय आवेदकों द्वारा पेटेंट सहयोग संधि (पी.सी.टी.) के तहत दाखिल अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों की कुल संख्या निम्नवत् है (इस संख्या में वे अंतर्राष्ट्रीय आवेदन शामिल नहीं है जो भारतीय आवेदकों द्वारा सीधे वायपो के अंतर्राष्ट्रीय ब्यूरो में प्राप्तकर्ता कार्यालय के रूप में दाखिल किए गए हैं):

वर्ष	वैयक्तिक	विधिक सत्ताधारी	कुल
2009-2010	231	521	752
2010-2011	243	628	871
2011-2012	254	519	873
2012-2013	252	790	1042
2013-2014	248	568	816

विगत पाँच वर्षों की अंतर्राष्ट्रीय आवेदनों की प्रवृत्ति



वर्ष के दौरान पी.सी.टी. अन्तर्राष्ट्रीय आवेदनों के सर्वप्रमुख अंशदाता थे- वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, हेटेरो रिसर्च फाउंडेशन, हेवलेट पैकार्ड डेवलपमेंट कंपनी एल.पी., रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेन्सी सर्विसेज लिमिटेड, कैडिला हेल्थकेयर लिमिटेड आदि।

7. पेटेंट अधिनियम व नियमों के तहत विविध कार्यवाहियाँ

(क) परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आविष्कार: पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 4 के तहत आलोच्य वर्ष के दौरान 100 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग को प्रेषित किए गए जिनमें से 18 आवेदन परमाणु ऊर्जा से संबद्ध पाए गए, 72 आवेदन सामान्य शासकीय कार्यवाही के तहत प्रक्रियागत करने के लिए अनुमत्त हुए तथा वर्ष के अंत तक 10 आवेदन परमाणु ऊर्जा विभाग के समक्ष विचारार्थ लंबित रहे।

(ख) धारा 11क के तहत पेटेंट आवेदनों का प्रकाशन: वर्ष 2013-14 के दौरान धारा 11क के तहत 31,413 आवेदन प्रकाशित किए गए जिनमें वैसे 1,669 आवेदन शामिल हैं जिन पर शीघ्र प्रकाशन हेतु अनुरोध प्राप्त किए गए थे। विगत पाँच वर्षों के दौरान प्रकाशित पेटेंट आवेदनों की संख्या संबंधी वर्षानुसार विवरण निम्नवत् है:

वर्ष	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
धारा 11क के तहत प्रकाशन	33,328	32,213	26,422	24,746	**29,744**
शीघ्र प्रकाशन	977	1,153	1,331	1,413	**1,669**
कुल	34,305	33,366	27,753	26,159	31,413

(ग) अनुदानपूर्व आपत्ति [धारा 25(1) के तहत]: वर्ष के दौरान इस धारा के तहत अनुदानपूर्व आपत्ति के रूप में 309 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 48 अनुदानपूर्व आपत्तियों का निष्पादन वर्ष के दौरान कर दिया गया।

